## एक नजर में

### मुफ्त पानी नहीं देने पर कारोबारी से मारपीट



**इंदौर .** मांगलिया क्षेत्र में पानी का छोटा कारोबार करने वाले एक व्यापारी के साथ 15 से 20 बदमाशों द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है . आरोप है कि बदमाशों ने मुफ्त में पानी नहीं देने पर हमला किया . पीड़ित संदीप पिता सुरेश ने बताया कि वह किराए की जमीन पर विनायक चिल्ड वाटर के नाम से आरओ प्लांट चलाता है . मंगलवार को कुलदीप गुर्जर और सौरव गुर्जर करीब 15 से 20 लोगों के साथ दुकान पर पहुंचे और मुफ्त में पानी मांगा . मना करने पर उन्होंने खुद को भिंड और मुरैना का बताते हुए इलाके में दादागिरी की बात कही और उसके साथ मारपीट की . संदीप का आरोप है कि आरोपियों द्वारा वसूली के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा है . उसने यह भी आरोप लगाया कि स्थानीय पुलिस से शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही, जिससे बदमाशों के हौसले बुलंद हैं . पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद उसने वरिष्ठ अधिकारियों को भी शिकायत की है . इधर, मामले को लेकर पुलिस का आधिकारिक पक्ष सामने नहीं आया है .

### 67 क्वार्टर अवैध शराब के साथ आरोपी को पकड़ा



**इंदौर .** मोहल्ला समिति की बैठक के दौरान मिली सूचना पर तिलक नगर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ मौके से गिरफ्तार किया . आरोपी के पास से 67 क्वार्टर देशी शराब और 3400 रुपए नकद जब्त किए हैं . पुलिस के अनुसार आईडीए मल्टी के पास आयोजित बैठक में एक महिला मुखबिर ने जे-ब्लॉक में अवैध शराब बेचने की जानकारी दी . सूचना मिलते ही टीम ने मौके पर दबिश दी और आरोपी राहुल राठौर उम्र 36 साल निवासी इदरीश नगर को पकड़ लिया . तलाशी में आरोपी के पास से 37 क्वार्टर देशी मसाला और 30 क्वार्टर देशी प्लेन शराब, 67 क्वार्टर जब्त किए . जिनकी कीमत करीब 6100 रुपए है . साथ ही बिक्री से मिले 3400 रुपए नकद भी बरामद हुए . पुलिस आरोपी से शराब के स्रोत के संबंध में पूछताछ कर रही है . मामले में आबकारी एक्ट की धारा 34 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है .

### 2 .160 किलो गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**इंदौर .** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चंदननगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 .160 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है . जब्त सामग्री की कीमत करीब 20 हजार रुपए आंकी गई है . गिरफ्तार आरोपी का नाम प्रदीप वर्मा पिता रमेशचंद्र वर्मा उम्र 50 साल निवासी लाल बहादुर शास्त्री नगर, केसरबाग रोड इंदौर बताया गया है . आरोपी को इंद्रप्रस्थ सिंदोड़ा क्षेत्र से उस समय पकड़ा गया जब वह पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहा था . पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया और तलाशी के दौरान उसके पास से गांजा बरामद किया . प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह नशे का आदी है और कर्ज उतारने तथा जल्दी पैसा कमाने के लिए गांजा की खरीद फरोख्त करता था . पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के दो प्रकरण तथा एक मारपीट का मामला दर्ज है . चंदननगर थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है, पुलिस अब आरोपी के नेटवर्क और सप्लाई चैन से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है .

### पति ने पत्नी के सीने में घोंपा चाकू, हुआ फरार

इंदौर . रामानंद नगर में घरेलू विवाद के दौरान एक पति ने अपनी पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया . मामूली कहासुनी और चरित्र पर संदेह को लेकर हुए विवाद में आरोपी ने पत्नी के सीने पर चाकू से वार कर दिया और मौके से फरार हो गया . घटना बीती रात करीब 9 बजे की है, 26 वर्षीय पीड़िता ने चंदन नगर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई . पीड़िता ने बताया कि उसका पति आए दिन घरेलू बातों को लेकर विवाद करता है और उसके चरित्र पर शक करते हुए मारपीट भी करता है . बताया गया कि रात को भी इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हुआ, जो धीरे धीरे बढ़ गया . विवाद के दौरान आरोपी ने पहले पत्नी के साथ मारपीट की और फिर धारदार चाकू से उसके सीने पर हमला कर दिया . हमले के बाद महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि आरोपी पति बिना किसी सूचना के मौके से फरार हो गया . थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है .

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी बैंककर्मी गिरफ्तार

**इंदौर .** इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे तुकोगंज थाना क्षेत्र के 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया . आरोपी बैंक कर्मचारी है, जो वारदात के बाद नौकरी और घर दोनों जगह से फरार हो गया था . पुलिस के मुताबिक 22 जनवरी 2026 को पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि इंडियन बैंक की जंजीर वाला ब्रांच में पदस्थ कर्मचारी प्रियंक गोल्हानी (30) निवासी लखनादौन से उसकी इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी। इसके बाद आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए . शिकायत पर तुकोगंज पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की . लेकिन, मामला दर्ज होते ही आरोपी फरार हो गया था . वह बैंक से भी अनुपस्थित चल रहा था और अपने गृहग्राम लखनादौन से भी गायब हो गया . पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था . 27 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी अपने रिश्तेदार की शादी में लखनादौन आया हुआ है . इस पर पुलिस टीम ने वहां दबिश दी और आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर इंदौर लाया गया . आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया .

### महिला और उसके बच्चों पर सीमेंट स्टैंड से किया हमला

**इंदौर .** न्यू गौरी नगर इलाके में मामूली कहासुनी के बाद पड़ोसियों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि एक महिला और उसके बच्चों पर सीमेंट स्टैंड से हमला कर दिया . हमले में महिला समेत दोनों बच्चों को चोटें आई हैं . हीरानगर थाना प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि फरियादी भारती बांगर पति राजकुमार निवासी न्यू गौरी नगर की शिकायत पर वर्षा बिजवाल, उसकी बेटी राखी बिजवाल सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है . शिकायत में पुलिस को भारती ने बताया कि घटना के समय वह अपने घर की सीढ़ियों पर खड़ी थी . इसी दौरान पड़ोस में रहने वाली वर्षा बिजवाल वहां पहुंची और गाली गलौज करने लगी . वर्षा ने आरोप लगाया कि भारती ने उसकी बेटी आयुषी से रात में बातचीत की थी, जिसे लेकर विवाद शुरू हो गया . इस पर भारती ने स्पष्ट किया कि आयुषी उसके बेटे अंशुल के साथ मारपीट कर रही थी, इसलिए उसने केवल बीच बचाव किया था . लेकिन इस बात से वर्षा और अधिक आक्रोशित हो गई . इसी दौरान वर्षा की बेटी राखी बिजवाल भी मौके पर पहुंच गई . आरोप है कि वर्षा ने हाथ मुक्कों से भारती की पिटाई शुरू कर दी, जबकि राखी ने सीमेंट का दिया स्टैंड उठाकर भारती की गर्दन के पिछले हिस्से पर जोरदार वार कर दिया .





# आकर्षक रथ पर निकले प्रभु द्वारकाधीश, गूंजे जयकारे

**कुक्षी। नगर के हृदय स्थल स्थित दाताहरि मंदिर में पोरवाड़ समाज द्वारा भगवान द्वारकाधीशजी का स्थापना महोत्सव दीपावली पर्व की भांति अपार उत्साह और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर और भगवान की प्रतिमा का नयनाभिराम श्रृंगार किया गया। जिससे संपूर्ण परिसर दिव्य आभा से सराबोर हो उठा।**



महोत्सव का शुभारंभ सुबह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। विद्वान पंडित अक्षय डोंगरे के सानिध्य में भगवान का दुग्धाभिषेक, भव्य श्रृंगार और विशेष पूजन-अर्चन संपन्न हुआ। सुबह से ही मंदिर दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा, जिससे मंदिर प्रांगण भक्तिमय नजर आया। शाम 7 बजे आयोजन के लाभार्थी कोठारवाला परिवार द्वारा महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, समाजजन शामिल हुए।

**नगर भ्रमण पर निकले द्वारकाधीश**-महाआरती के पश्चात भगवान द्वारकाधीशजी कलात्मक रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले। ढोल-धमाकों और जयकारों के साथ शुरू हुई इस भव्य शोभायात्रा का नजारा अद्भुत था। यात्रा में पोरवा? समाज के पुरुष, बुजुर्ग और बच्चे एक समान ड्रेस कोड के साथ उत्साह उमंग के साथ समाजजन भगवान का रथ खींचते हुए चल रहे थे।

**गरबों की प्रस्तुति और भक्ति का संगम**-रथयात्रा के दौरान भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाएं भगवान के रथ के आगे उत्साहपूर्वक गरबा नृत्य करती चल रही थीं। नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी इस शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

पोरवाड़ समाज के अध्यक्ष उत्सवलाल गुप्ता ने बताया कि दाताहरि मंदिर समाज की अगाध श्रद्धा और आस्था का केंद्र है। यही कारण है कि प्रतिवर्ष स्थापना दिवस को पूरा समाज एक उत्सव के रूप में एकजुट होकर मनाता है। यात्रा का समापन दाताहरी वाटिका में सहभोज के साथ हुआ।

**समाजजनों ने वात्सल्य भाव के साथ प्रसादी ग्रहण की**

इस अवसर पर महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती साधना अनिल गुप्ता, नवयुवक मंडल अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता,वरिष्ठ समाजसेवी महेंद्र सेठ गुप्ता, राणाप्रताप गुप्ता,राजेंद्र गुप्ता बुक,राजेंद्र साजी गुप्ता,सचिव दीपक गुप्ता,एडवोकेट राजेंद्र गुप्ता,अध्यापक जगदीश गुप्ता,दिलीप गुप्ता,कैलाश मंडलोई,एडवोकेट कैलाश गुप्ता,वरिष्ठ पत्रकार अशोक गुप्ता,वीरेंद्र गुप्ता,राकेश गुप्ता,रामेश्वर गुप्ता रायल,रमेशचंद्रजी गुप्ता,राजेश मधुप,नारायण गुप्ता,संजय ठेकेदार,विक्रांत गुप्ता,विजय जयकलेक्शन,आनंद गुप्ता,नीरज गुप्ता,जेपी गुप्ता,ललित गुप्ता आदि के साथ ब?ी संख्या में मातृशक्ति बच्चे शामिल थे।

## सती माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरों पर

**सरदारपुर।** स्थानीय अमझेरा नगर में गवली समाज के अंतर्गत समस्त रियार (चौधरी) परिवार द्वारा दिनांक 03 मई से 08 मई 2026 को अमझेरा नगर के समीप अपने कुल की सतीमाता (हट्टोबाई एवं फूलोबाई) का मंदिर निर्माण का कार्य एवं रंगाई, पुताई पूर्ण हो चुकी है मंदिर, साख सज्जा की तैयारी अंतिम दौर में है तथा यज्ञशाला का निर्माण लगभग अंतिम चरण में पहुंचे चुका है।



नव कुण्डात्मक यज्ञ में 3 मई को हेमाद्री कर्म दोपहर 03 बजे से, 4 मई को पहले दिन भव्य शोभायात्रा सुबह 7 बजे से और प्रायश्चित देवपूजन, मण्डप प्रवेश एवं मंडल स्थापना, दि. 05 मई 2026 को (द्वितीय दिवस) को मंगल देव पूजन, अग्निस्थापन एवं हवन आरम्भ, दि. 06 मई तीसरे दिन देवपूजन और चंडीयज्ञ 7 मई 2026 (चतुर्थ दिवस) को देवपूजन, रूद्र यज्ञ एवं नगर भ्रमण शाम 05:20 बजे, दि. 08 मई 2026 ( पंचम दिवस) को देव पूजन, सतीमाता (हट्टोबाई एवं फूलोबाई) प्राणप्रतिष्ठा एवं पूर्णाहुति (अभिजीत् मुहूर्त) के पश्चात् महाआरती के बाद महाप्रसादी होने जा रही है गवली समाज रियार (चौधरी) परिवार चौरासी संकल पंच द्वारा समस्त गवली समाजनों से पधारने के लिए विशेष आहवान किया है। समस्त सकल पंच गवली समाज इस एतिहासिक कार्यक्रम में जरूर जरूर पधारे एवं धर्मलाभ प्राप्त करें। उक्त समस्त जानकारी स्थानीय सतीमाता मंदिर निर्माण समिति के सदस्य अनिल जी चौधरी ने दी।

## भैरव बाबा के दरबार में उमड़ रही आस्था, मन्नतें हो रही पूरी

**सरदारपुर । रिंगनोद क्षेत्र के उजाडिया गांव स्थित में, शिवा बाबा मंदिर के आगे काका वाले कुएं के पास विराजमान गोरा भैरव बाबा के दरबार में इन दिनों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। दूर-दूर से लोग यहां अपनी आस्था और विश्वास के साथ पहुंच रहे हैं।**

श्रद्धालुओं का मानना है कि जिनकी शादी नहीं हो रही, संतान प्राप्ति में बाधा आ रही हो या कोई व्यक्ति कर्ज से परेशान हो — वे यहां आकर सवा किलो मिठाई या सवा मन चूरमा चढ़ाने की मन्नत लेते हैं। मान्यता है कि भैरव बाबा उनकी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। यहां बाबा को शुद्ध शाकाहारी भोग अर्पित किया जाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, भैरव बाबा के दर्शन मात्र से ही शारीरिक पीड़ा दूर हो जाती है और जीवन की कई समस्याओं से राहत मिलती है। विशेष रूप से संतान प्राप्ति की इच्छा रखने वाले दंपत्ति यहां आकर पूजा-अर्चना करते हैं और बाबा की कृपा से उनकी मनोकामना पूर्ण होने की मान्यता है। मंदिर में मध्यप्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के साथ-साथ मालवा, राजस्थान और गुजरात से भी में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचरहे हैं। मंदिर के पुजारी दिनेश जी मिश्रा का कहना है कि बाबा के आशीर्वाद से श्रद्धालुओं के रुके हुए कार्य भी पूर्ण हो रहे हैं। धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुके इस मंदिर में प्रतिदिन धार्मिक लोग आते रहते हैं, जिससे यहां भक्ति का माहौल बना रहता है। यह स्थान उजाडिया गांव, (काका वाला कुआं, के नाम से जाना जाता है शिवा बाबा मंदिर के आगे), रिंगनोद, धार हैं।

## डॉग शेल्टर सफाईकर्मी पर युवती से छेड़छाड़-दुष्कर्म का आरोप

**इंदौर.** लसूड़िया थाना क्षेत्र स्थित एक डॉग शेल्टर होम में काम करने वाली युवती ने सफाईकर्मी पर छेड़छाड़ और दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. आरोपी की पहचान नयन भालसे के रूप में हुई है, जो उसी शेल्टर होम में सफाई का काम करता है. पीड़िता ने बताया कि आरोपी पिछले करीब एक माह से उस पर गलत नजर रख रहा था और बार-बार बातचीत करने के लिए दबाव बना रहा था. वह उसका मोबाइल लेकर उस पर अश्लील सामग्री भी सर्च करता था. पीड़िता के मुताबिक 16 अप्रैल को वह बाथरूम में थी, तभी आरोपी अंदर घुसने की कोशिश करने लगा. विरोध के बाद भी उसने बाहर आकर अभद्र हरकतें कीं. इसके बाद 22 अप्रैल की रात आरोपी बिना कारण शेल्टर में आया और जबरदस्ती करने का प्रयास किया. लगातार हो रही इन हरकतों से परेशान होकर पीड़िता ने शेल्टर संचालिका को पूरी बात बताई, जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा. लसूड़िया थाना प्रभारी ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और दुष्कर्म के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है. जांच जारी है, जांच उपरांत आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

## सामाजिक संस्था जय हो करेगी नारद जयंती पर धार जिले के पत्रकारों का सम्मान

**धार।** धार शहर की सामाजिक संस्था जय हो द्वारा नारद जयंती के अवसर पर पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान देने पर धार के वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान किया जाएगा।

जानकारी अनुसार धार शहर के होटल देव में 3 मई को शाम 4 बजे आयोजित होने वाले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महामण्डलेश्वर राष्ट्रीय युवा संत श्री शैलेषानंद जी महाराज उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रेस क्लब के सचिव डॉ. अशोक शास्त्री करेंगे।

सामाजिक संस्था जय हो के संयोजक धर्मेन्द्र जोशी एवं नवीन गर्ग ने बताया कि संस्था जय हो द्वारा नारद जयंती के उपलक्ष्य में धार के पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा। संस्था द्वारा प्रति वर्ष धार के पत्रकारों का सम्मान किया जाएगा। उक्त जानकारी सामाजिक संस्था जय हो के अजय चौधरी ने दी। कार्यक्रम को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

**एक नजर में** — समिति ने की सेवा की सभी लोगों ने प्रशंसा, दसई में संपन्न हुआ रात्रिकालीन विशेष आयोजन

# पाटीदार समाज के 37वें सामूहिक विवाह में 34 जोड़ों का विवाह

**दसई। मां उमिया पाटीदार समाज दसई के तत्वावधान में 29 अप्रैल को 37वें रात्रिकालीन सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। पाटीदार समाज युवा संगठन की कुशल व्यवस्थाओं के बीच आयोजित इस गरिमामय समारोह में 34 जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थामकर दांपत्य जीवन में प्रवेश किया।**



युवाओं ने इसकी कमान संभाली और निकाली गई नयनाभिराम झांकियों ने सबका मन मोह लिया। आयोजन की पूरी जिम्मेदारी पाटीदार समाज युवा संगठन के कार्यकर्ताओं के कंधों पर थी। विवाह स्थल पर संगठन द्वारा सजाई गई नयनाभिराम झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। बच्चों के मनोरंजन के लिए मिकी माउस की व्यवस्था भी की गई थी।

समारोह को सुचारू रूप से चलाने के लिए युवाओं की 29 अलग-अलग टीमों ने भोजन, टेंट, जल, लाइट, माइक और वाहन पार्किंग जैसी व्यवस्थाएं संभालीं। सुरक्षा और निगरानी के लिहाज से पूरे परिसर को सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों की जद में रखा गया था। आयोजन में लगभग 20 हजार समाजजनों ने शिरकत कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

**स्वच्छता का अनूठा उदाहरण**-समिति ने स्वच्छता को लेकर विशेष पहल की। प्रत्येक मंडप पर मैं कचरा पेटी हूँ, मुझमें कचरा डालें, स्लोगन वाली कचरा पेटियाँ लगाई गईं। परिसर को कीचड़ मुक्त रखने के लिए मिनरल वाटर की केन के नीचे घरों से एकत्रित किए गए 500 डाले (बर्तन) रखे गए, ताकि कारपेट और परिसर साफ-सुथरा बना रहे।

**सम्मान और उपहारों की वर्षा**-समारोह में दानदाताओं और व्यवस्था संभालने वाली युवा टीमों का स्वागत सामूहिक विवाह समिति व पाटीदार समाज पंच के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा किया गया। समिति की ओर से नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी का सामान भेंट किया गया। साथ ही, सामूहिक %सिचावनी% से प्राप्त राशि को सभी 34 दुल्हनों में बराबर बाँटकर वितरित किया गया। विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी नवयुगलों को उपहार भेंट किए। भव्य आयोजन को लेकर सभी लोगों ने तारीफ की और आयोजकों का आभार माना।

**अलसुबह हुई विदाई**

आयोजन स्थल पर लगभग पूरी रात चले मांगलिक कार्यक्रमों के बाद, आयोजकों ने अलसुबह 3 बजे के करीब दूल्हा-दुल्हन की सजल नेत्रों से विदाई की गई। समाज के इस एकजुटता भरे आयोजन ने क्षेत्र में स्वच्छता और सुव्यवस्थित प्रबंधन की नई मिसाल पेश की है।